**मनमानी** | जिम्मेदारों ने दिया जांच उपरान्त कार्रवाई का आश्वासन

## रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खुलेआम अवैध वसूली




प्लेटफार्म नं. 6 की ओर संचालित वाहन स्टैंड




प्लेटफार्म नं. 1 पर खुले बैरियर

**जबलपुर, नवभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्र 6 के बाहर बनी वाहन पार्किंग में अवैध तरीके से अधिक वसूली के मामले सामने आ रहे है। स्टेशन आए लोगों का आरोप है कि उनसे कैश 12 रुपए की जगह 25 रुपए वसूल किए जा रहे हैं । वहीं रेलवे अधिकारियों और पार्किंग संचालक का कहना है कि यहां रेलवे की ओर से निर्धारित पार्किंग का रेट चार्ट लगाया गया है। रेट चार्ट में किस वाहन से कितने रुपये पार्किंग चार्ज लेने हैं यह निर्धारित रहता है।

### एक घंटे का 12 रुपए

मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 और 6 के बाहर पार्किंग स्टैंड संचालकों द्वारा की जा रही मनमानी वसूली पर जब रेलवे के अधिकारियों से बात की गई तो सामने आया कि दो पहिया वाहनों के लिए जीएसटी सहित 12 रुपए एक घंटे के लिए निर्धारित किए गए हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफार्म क्रमांक 6 का ठेका वर्ष 2025 में 3 सालों के लिए किया गया है, वहीं प्लेटफार्म क्रमांक एक का ठेका वर्ष 2027 तक के लिए निर्धारित है जिसे नागपुर की एक कंपनी चला रही है। लोगों के मुताबिक यहां तैनात पार्किंग कर्मी द्वारा मनमाने तरीके से निर्धारित दर से अधिक राशि वसूली जाती है। अधिकांश लोगों को पता तक नहीं चल पाता था कि पार्किंग चार्ज कितने रुपये निर्धारित है। अक्सर इसकी शिकायत आती रहती थी और फिर मामला शांत हो जाता था। वहीं पार्किंग संचालक अधिक वसूली को गलत बात ठहराकर मामले को शांत कर देते थे। रेल अधिकारियों ने बताया कि पार्किंग संबंधी शिकायतें आने के बाद पार्किंग में रेट चार्ट भी लगाया गया और पार्किंग संचालक को अधिक शुल्क वसूलने की शिकायत पर कार्रवाई की हिदायत भी दी गई है।

### प्लेटफार्म नंबर एक पर फिलहाल शुल्क नहीं....

बताते चलें कि पार्किंग में निर्धारित दर से अधिक वसूली पर रेलवे स्टेशन पर होने वाले हंगामें को लेकर जबलपुर रेल मंडल के पदाधिकारियों ने संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को रेल मंडल की ओर से जांच कराने का आश्वासन भी दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल प्लेटफार्म क्रमांक एक पर आने जाने वाले वाहनों से पार्किंग शुल्क नहीं वसूला जा रहा है। सिर्फ स्टैंड पर खड़े वाहनों से ही शुल्क वसूला जा रहा है। रेल अधिकारियों के अनुसार प्लेटफार्म क्रमांक एक में पार्किंग के लिए नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। जिसके चलते फिलहाल पार्किंग शुल्क वसूली पर रोक लगा दी गई है।

### इनका कहना है

अगर किसी भी यात्री या आने जाने वाले आम लोगों से अधिक पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है तो इसकी जानकारी हमें तुरंत दें । जांच करने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. मधुर वर्मा**
**सीनियर डीसीएम, पमरे**

## दुष्कर्म के आरोपी कोचिंग टीचर की जमानत अर्जी निरस्त

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठ ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी कोचिंग टीचर व सिंचाई विभाग के शासकीय कर्मी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। इस मामले में बरगी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। राज्य शासन की ओर से पैनल अधिवक्ता हिमांशु तिवारी ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि 13 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला बेहद गंभीर है। सेवानिवृत्ति की कगार पर पहुंच चुके 58 वर्षीय आरोपी के घर पर ट्यूशन पढ़ने गई, आरोपी ने नाबालिग व उसके अभिभावकों के भरोसे को तोड़ा। यह कृत्यसमाज में शिक्षक के सम्मान को कलंकित करने जैसा कुत्सित है। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर जमानत से इंकार कर दिया।

## सोमवार से होगी सिलेंडर की शत-प्रतिशत होम डिलेवरी



**जबलपुर।** शहर की सभी एलपीजी वितरक एजेंसियों द्वारा सोमवार 6 अप्रैल से घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर का वितरण होम डिलेवरी के माध्यम से ही किया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को जिला प्रशासन के साथ रसोई गैस वितरकों की कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में लिया गया। जिले में एलपीजी की वितरण व्यवस्था में सुधार के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में निरंतर किये जा रहे प्रयासों के तहत एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह, एसडीएम राँझी मोनिका बाघमारे एवं एडीएम आधारताल पंकज मिश्रा भी मौजूदगी में संपन्न हुई इस बैठक में तय किया गया कि सोमवार 6 अप्रैल से जबलपुर शहर के सभी एलपीजी वितरकों द्वारा रसोई गैस सिलेंडर का वितरण होम डिलेवरी से ही किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि जिले में रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक है और ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के भंडारण स्थलों पर एलपीजी की निरंतर आपूर्ति बनी हुई है। इसमें आने वाले समय में भी किसी प्रकार की कमी आने की संभावना नहीं है। बैठक में जिले में स्थित सभी रसोई गैस वितरक एजेंसियों के संचालक, जिला आपूर्ति नियंत्रक एवं खाद्य विभाग के सभी अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि रविवार 5 अप्रैल को भी एलपीजी वितरक एजेंसियां खुली रहेंगी और होम डिलेवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं को सिलेंडर की आपूर्ति की जायेगी।

## कालाबाजारी : अवैध गैस सिलेंडरों का जखीरा पकड़ाया, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने रेलवे स्टेशन के सामने एक टपरिया में दबिश देकर भारी मात्रा में भरे हुए गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। साथ ही गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाले को भी गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी हरिकिशन अटनेरे ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के सामने, हनुमान मंदिर के पास एक टपरिया में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण किया गया है, जिन्हें ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर छापा मारा।



दबिश के दौरान टपरिया में सिलेंडरों की रखवाली करते अनिल केवट (31) निवासी सुदामापुरी, रामपुर छापर गोरखपुर मिला। जब पुलिस ने उससे सिलेंडरों के दस्तावेजों के बारे में पूछा, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और उसने स्वीकार किया कि वह इन्हें अवैध रूप से ज्यादा कीमत पर बेचने के लिए रखे हुए था। पुलिस ने मौके से एचपी कंपनी के 11 भरे हुए घरेलू सिलेंडर बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 35 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी अनिल केवट के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी को इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडर कहाँ से सप्लाई किए जा रहे थे।

## 8725 वैगनों की ओवर हॉलिंग हुई

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों एवं वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग का कार्य नियमित रूप से किया जाता है। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के सतत मार्गदर्शन एवं निगरानी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दोनों कारखानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ आउटटर्न दर्ज किया है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 की अवधि में पश्चिम मध्य रेल के कारखानों द्वारा कुल 8725 कोचों वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जो अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। इसमें सीआरडब्ल्यूएस भोपाल कारखाना द्वारा 1336 कोचों का अनुरक्षण तथा डब्ल्यूआरएस कोटा कारखाना द्वारा 7389 वैगनों की मरम्मत की।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में एकजुट हुए शिक्षक

**नवभारत, जबलपुर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में आर पार की लड़ाई के लिए संकल्पित हुए शिक्षक संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के बाद अब सड़क की लड़ाई के लिए संघर्ष का ऐलान कर दिया है। इस क्रम में भोपाल में प्रदेश के समस्त शिक्षक संगठनों ने संयुक्त होकर एक अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन किया और प्रदेश भर में जिला, ब्लॉक एवं प्रांत स्तर के आंदोलन की विधिवत घोषणा कर दी।

प्रांत स्तर पर हुए निर्णय के समर्थन में जबलपुर के गांधी स्मारक में जिला स्तरीय शिक्षक संगठनों की बैठक आहूत हुई ।



इसमें राज्य शिक्षक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक संघ, शासकीय अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सहित अनेक सदस्य शामिल हुए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 8 अप्रैल को संपूर्ण जिले के शिक्षकों के द्वारा जंगी प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जबलपुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 8 अप्रैल के जिले स्तरीय प्रदर्शन के बाद 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर और 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस बैठक में उमाशंकर पटेल नरेंद्र त्रिपाठी. .राकेश उपाध्याय .जगत पटेल. अजय रजक. संध्या अवस्थी. दीपक पटेल. शिव चौबे. महेंद्र अहवासी . संतोष झारिया. मथुरा उपाध्याय . भूमिका पटेल अनिल पटेल राकेश मिश्रा. विनय नामदेव .उमाकांत पटेल दुष्यंत श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

## जनगणना की तैयारियां तेज, फील्ड ट्रेनर्स को बताई तकनीकी बारीकियां

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जनगणना अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मकानसूचीकरण और मकानों की गणना के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें जबलपुर



ग्रामीण के 40 फील्ड प्रशिक्षकों को गहन ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन और अतिरिक्त जनगणना अधिकारी बलवंत सिंह राहंगडाले की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान भोपाल से आए जनगणना प्रभारी अधिकारी मनोज नाथानी के साथ डॉ. चन्द्रशेखर राजहंस, डॉ. तृप्ति उकास और डॉ. शिवम शुक्ला ने प्रतिभागियों को तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण में 40 फील्ड ट्रेनर्स को तहसील बरेला के ग्राम सालीवाड़ा गौर ले जाया गया, जहाँ उन्होंने फील्ड विजिट के माध्यम से प्रगणक और पर्यवेक्षक की भूमिका का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

## कार की टक्कर से मां-बेटी घायल

नवभारत, जबलपुर । गढ़ा थाना अंतर्गत रामायण मंदिर के पास कार की टक्कर से स्कूटी सवार मां-बेटी घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं कार चालक घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक कनिष्का बैरागी 20 वर्ष निवासी गंगानगर थाना संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी माँ रजनी बैरागी के साथ अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड जी 2407 से गुप्तेश्वर से लौटकर घर जा रही थी रास्ते में रामायण मंदिर के पास तालाब सामने पहुँची तभी पीछे से आ रही अज्ञात कार का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दिया ।

## पमरे को सम्पूर्ण वाद व्यय वहन करने का आदेश

### अधिवक्ता शिवम गुप्ता ने की पैरवी

**जबलपुर, नवभारत।** वादी के पति पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में टेक्नी वन के पद पर कार्यरत थे जिनकी मृत्यु दिनांक 15 जुलाई 24 को हो गई थी पति की मृत्यु के पश्चात अंतिम निपटारे की राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया के दौरान रेलवे विभाग ने वादिनी के विभिन्न दस्तावेजों में नाम की भिन्नता होने के कारण न्यायालय से आधिकारिक उदघोषणा प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए अत: वादी का वाद स्वीकार कर इस आशय से घोषणा एवं डिक्री पारित की गई की वादिनी के नाम मे सरनेम चेंज होने के कारण सभी नाम वादिनी के ही है।

प्रतिवादी की ओर से यह जवाब दिया गया कि वादिनी के विवाह के संबंध में उनके कार्यालय में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। उक्त वाद में वादिनी के एक से अधिक नाम है जिस संबंध में मृतक द्वारा रेल प्रशासन को अवगत नहीं कराया गया है रेल प्रशासन द्वारा उपरोक्त सभी नाम एक ही महिला के हैं एवं वह स्वर्गीय रूपेश कुमार पिल्ले की वैध पत्नी है उक्त से सहमत होने पर ही जमा राशि के भुगतान हेतु अनुमोदन प्रदान किया जावेगा अत: वादिनी द्वारा प्रस्तुत वाद खारिज किए जाने का निवेदन किया गया था जबकि अधिवक्ता शिवम गुप्ता द्वारा यह साक्ष्य प्रस्तुत किए गए ।

## महिला से अभद्रता, झूमाझपटी, दुकान में तोड़फोड़

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर में बीती रात नई बस्ती हनुमानटोरिया के पीछे रहने वाले दो भाइयों ने महिला के साथ झूमाझपटी की, बल्कि दुकान में घुसकर जमकर तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कांचघर निवासी आरती रैदास बीती रात लगभग 10:30 बजे घर पर थी, तभी पड़ोस में रहने वाला राम उर्फ बच्चा और उसका भाई राजकुमार वहां पहुंचे और दोनों भाई अचानक आरती को से विवाद कर धक्का-मुक्की की। शोर सुनकर जब आरती की ननद सुरभी चौधरी बीच-बचाव करने पहुंची, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बर्बरता की और उनका हाथ मरोड़ दिया। आरोपियों का गुस्सा यहीं शांत नहीं हुआ वे पीड़ित के चाचा ससुर की दुकान में जबरन घुस गए। वहां रखा कीमती सामान बाहर फेंक दिया और दुकान में तोड़फोड़ की। जब आरती के पति शैलेंद्र और देवर अभिषेक उन्हें रोकने आए, तो दोनों आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### रंगदारी नहीं देने पर दुकान संचालक को पीटा

पनागर थाने में दिनेश असाटी निवासी सिंगलदीप पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गॉव में ग्राम पंचायत के सामने किराना दुकान चलाता है। गांव का रंजीत पटेल उर्फ जगीरा उसकी दुकान में आकर उससे 10 हजार रूपये मांगने लगा, रूपये नहीं देने पर दुकान नहीं चलाने देने की कहने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की।

## मामा ने सरौते से वार कर भांजे को किया घायल

**जबलपुर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मामा ने सरौते से हमला कर भांजे को घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को अमित जैन 43 वर्ष निवासी समदड़िया ग्रीन सिटी माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 3 बजे मामा दिलीप कुमार जैन के घर गया था घर में सुपाड़ी काट रहा था तभी मामा दिलीप कुमार जैन उसे बिना बात के विवाद करने लगे, झूमा झपटी कर वहीं पर रखा सुपाड़ी काटने वाले सरौते से हमला कर बायां पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी।

## राजनीती में सिख समाज की भूमिका पर होगा दिल्ली में संवाद

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सचप्रीत सिंह ने बताया उक्त विषय पर दिल्ली में एक राष्ट्रीय स्तर का संवाद कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है जो की देशभर के सिख समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें समाजजन को एक विविध मंच दिया जाएगा। इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से सिख समाज के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, युवा वर्ग के साथ ही सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। स्मृद्ध भारत फाउंडेशन के बैनर पर आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम के सूत्रधार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सीडब्ल्यूसी मेम्बर एवं प्रशासन प्रभारी गुरदीप सिंह सप्पल जी एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर सुरेंद्र सिंह जोधका हैं । कार्यक्रम के दौरान सिख समाज के लोग वर्तमान सामाजिक, धार्मिक, संवैधानिक ओर राजनैतिक मुद्दों पर अपने विचार खुलकर रखेंगे। यह मंच उन्हें अपनी चिंताओं, सुझावों और अनुभवों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे देश में आपसी भाईचारे, धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों को और मजबूती मिल सके। इस संवाद में विशेष रूप से इस बात पर चर्चा होगी कि भारत की विविधता में एकता को कैसे सशक्त किया जाए और समाज के सभी वर्गों के अधिकारों की रक्षा कैसे सुनिश्चित हो। देश के कोने-कोने से आ रहे प्रतिनिधि एक स्वर में राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने का संदेश देने के साथ ही वर्तमान एवं भविष्य के राजनीती में सिख समाज की भूमिका पर भी अपने विचार साझा करेंगे। देश के प्रदेश से 10-12 सिख प्रतिनिधिगण कार्यक्रम भाग लेंगे व अलग -अलग समूह में संवाद के साथ चर्चा होगी। मध्य प्रदेश से भी कांग्रेस समर्थित सिख व लीडरशिप कार्यक्रम में भाग लेंगे । जिनमे प्रमुख रूप से सच सलूजा, गुरमीत सिंह मंगू, पवित्र कौर, प्रिंस सलूज़ा, प्रताप सिंह गुर आदि भाग लेंगे।

## पांच लाख और कार की डिमांड कर नवविवाहिता को पीटा, घर से निकाला

**नवभारत, जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत शुक्ला नगर में दहेज लोभियों ने ननद पर 5 लाख रुपये और कार की मांग कर नवविवाहिता को घर से निकल दिया। पुलिस ने पति, सास, ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस ने बताया कि बरमान कला नरसिंहपुर निवासी 26 वर्षीय रिंकी विश्वकर्मा की शादी 30 अप्रैल 2025 को शुक्ला नगर, मदनमहल निवासी अभिषेक विश्वकर्मा के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के समय अभिषेक ने खुद को नौकरीपेशा बताया था, लेकिन विवाह के बाद पता चला कि वह कोई काम नहीं करता और नशे का आदी है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति अभिषेक, सास शिवकुमार विश्वकर्मा और ननद दुर्गा ने उसे कम दहेज के लिए ताने देना शुरू कर दिया। वे लगातार मायके से 5 लाख रुपये और एक कार लाने का दबाव बना रहे थे। ननद दुर्गा अक्सर फोन पर या घर आकर पति और सास को रिंकी के खिलाफ भड़काती थी।बीती रात करीब 9:40 बजे दहेज की मांग को लेकर तीनों आरोपियों ने रिंकी के साथ जमकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर पति और सास ने उसे हाथ-मुक्कों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया और उसके गहने व अन्य सामान अपने पास रख लिया।

**बदहाली** | नाले की बदबू और मच्छरों के कारण जीवन हो गया कठिन

## गंदगी से बजबजाती खुली नाली, लोगों का जीना दुश्वार

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के बड़े फुहारा से निवाड़गंज पुलिस चौकी के पास खुली नाली ने दुकानदारों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले की बदबू और मच्छरों के कारण जीवन कठिन हो गया है। यहां आने वाले ग्राहकों पर भी ये नाली नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। लोगो की प्रशासन के प्रति निराशा बढ़ रही है, समाधान की कोई ठोस योजना नहीं होने के कारण आमजन परेशान है। दुकानदारों ने बताया कि जिस नाले में कभी सिर्फ बरसात का पानी बहता था, आज वही नाला सीवर के गंदे पानी से भरकर बदबू, मच्छर और बीमारी का



स्थायी स्रोत बन चुका है। नतीजा यह है कि नाली के किनारे बनी दुकानें दूषित हवा, वातावरण में जीने को मजबूर है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि जहां लोग कभी सुबह टहलने जाते थे, वहां अब सांस लेना भी मुश्किल है। यह सिर्फ एक नाली की कहानी नहीं, बल्कि अनियोजित विकास के उस सच की कुरूप तस्वीर है। स्थानीय निवासी आयुष ने कहा कि जिस सड़क के किनारे से यह नाली गुजरती है, वह इलाका सबसे व्यस्त इलाकों में से एक है। सुबह लोग यहां मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते थे, ताजी हवा में सांस लेते थे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। नाली से उठने वाली बदबू के कारण वहां कुछ मिनट रुकना मुश्किल हो जाता है। यहां स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। लेकिन इस ओर कोई ध्यान देने वाला नहीं है।



## शराब दुकान के विरोध में महिलाओं ने घेरी चौकी

**नवभारत, जबलपुर** । पाटन थाना अंतर्गत कंतोरा के मुख्य मार्ग पर शराब दुकान खुलने का विरोध शुरू हो गया । आक्रोशित महिलाओं ने नुनसर चौकी का घेराव कर प्रदर्शन किया। साथ ही मांग की है कि कलारी न खुले अगर ऐसा हुआ तो शराबियों का डेरा होगा । महिलाएं, बच्चियां बाहर निकलने में खुद को असुरक्षित महसूस करेंगी।

जानकारी के अनुसार नुनसर कलारी को शिफ्ट किया जा रहा है जिसके विरोध में कंतोरा की सरपंच श्रीमती अंजु सिंह, उपसरपंच डॉ. सीता साहू के साथ ग्राम सिमरिया, बिलथरा, कंतोरा, रानीताल, नीची, हट्टेपुर, नुनसर सभी महिलाओं ने कंतोरा के मुख्य मार्ग पर कलारी खोलने का विरोध किया और सभी महिलाओं ने मिलकर पुलिस चौकी नुनसर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान सुमन पटेल, कल्पना पटेल, सुमन झारिया किरन रैकवार सिलोचना रजक, ज्योति ठाकुर ठाकुर, सौम्या आशा आदि उपस्थित रही।